
भी शामिल है।

बॉलीवुड हलचल

# असली एंडिंग के साथ दिखाई जाएगी फिल्म शोले




**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' अपनी असली एंडिंग के साथ इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी मेंदिखाई जाएगी।

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने यह घोषणा की है कि नई बहाल की गई शोले इस अक्टूबर में फेस्टिवल की मुख्य आकर्षक फिल्म होगी। यह फेस्टिवल 9 से 11 अक्टूबर तक चलेगा और तीन दिनों तक भारतीय सिनेमा का जश्न मनाया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में से एक शोले को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने मिलकर 4के क्वालिटी में बहाल किया है। इस प्रक्रिया में कई साल लगे, लंदन से एक दुर्लभ कलर प्रिंट ढूंढना, मुंबई के एक गोदाम से मूल कैमरा निगेटिव्स और खोए हुए सीन को वापस पाना शामिल था। इसका नतीजा है बेहद शानदार विजुअल और ऑडियो क्वालिटी, जिससे फिल्म को उसके मूल 70एमएम फॉर्मेट में फिर से जीवंत किया गया है। सबसे खास बात यह है कि इसमें निर्देशक रमेश सिप्पी द्वारा सोचा गया असली अंत दिखाया जाएगा, जिसमें ठाकुर गब्बर सिंह को मारकर अपने परिवार का बदला लेता है। नई शोले का वर्ल्ड प्रीमियर इस महीने की शुरुआत में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और अब यह सिडनी में दिखाई जाएगी।